प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में जे.बी.टी. व टी.जी.टी. के 5 हज़ार से अधिक पद खाली– 7 सौ 64 पद भरने की प्रक्रिया जारी।
- स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा– एड्स नियंत्रण संस्थाओं के कर्मचारियों को नियमित करने का कोई विचार नहीं।
- मुख्यमंत्री ने कहा– संस्कृत महाविद्यालयों में कर्मकांड पुरोहित कोर्स की कक्षाएं आरंभ करेगी सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पकड़ी आर्थिक रफ्तार– पहली तिमाही में 7 दशमलव 8 प्रतिशत की शानदार जी.डी.पी. वृद्धि।

प्रश्नकाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में जे.बी.टी. और टी.जी.टी के कुल 5 हज़ार 2 सौ 9 पद खाली हैं। शिमला में 3 दिन के अवकाश के बाद शुरू हुए प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक पवन कुमार काजल, हंसराज, जीतराम कटवाल और दलीप ठाकुर के सवाल के लिखित जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जे.बी.टी. के सबसे अधिक 4 हज़ार 19 पद रिक्त हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि 31 जुलाई 2026 तक टी.जी.टी. के कुल एक हज़ार एक सौ 90 पद रिक्त थे और इनमें से 7 सौ 64 पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में बैचवाइज़ भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भरे जा रहे टी.जी.टी. के 13 पदों के अलावा किसी अन्य पद के लिए बैचवाइज़ भर्ती प्रक्रिया जारी नहीं है। विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के लिखित जवाब में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने बताया कि प्रदेश में एड्स नियंत्रण संस्थाओं में काम कर रहे कर्मचारियों को नियमित करने का राज्य सरकार को कोई विचार नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इन संस्थाओं में 4 सौ 14 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो संबंधित गैर सरकारी संस्थाओं के अधीन साल दर साल अनुबंध समझौते के अनुसार सेवाएं दे रहे हैं। विधायक हरदीप सिंह बावा के सवाल के लिखित जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में आशावर्करों को भविष्य में नियमित करने के लिए सरकार कोई नीति नहीं बनाएगी। उन्होंने बताया कि आशावर्कर स्वैच्छिक कार्यकर्ता है और आशा कार्यक्रम एन.एच.एम. के दिशा–निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है। शांडिल ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था के अनुसार आशावर्करों के लिए स्थायी नीति का कोई प्रावधान नहीं है।

शोकोद्गार

इससे पहले आज सदन की बैठक शुरू होते ही पूर्व विधायक राम रत्न शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में शोक प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम रत्न शर्मा नादौनता विधानसभा क्षेत्र से जुड़े रहे और बाद में इस विधानसभा क्षेत्र का नाम बदलकर बड़सर हुआ। उनका जन्म 28 जनवरी 1937 को हमीरपुर जिला के चकमोह में हुआ था। वे लंबे समय से राजनीति और सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे तथा सामाजिक जीवन में लगातार सक्रिय रहे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राम रत्न शर्मा भाजपा और उससे पहले आरएसएस के समर्पित कार्यकर्ता रहे। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में राम रत्न शर्मा की सक्रिय भूमिका रही। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि राम रत्न शर्मा दो बार भाजपा के विधायक रहे और वे कर्मठ व जुझारू व्यक्ति थे। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि राम रत्न शर्मा अपने इरादों के पक्के थे और जो ठान लेते थे, उसे समर्पित भाव से पूरा करते थे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी खुद को शोकोदगार में शामिल करते हुए दिवंगत राम रत्न शर्मा के योगदान याद किया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

कृषि मंत्री चंद्र कुमार में कहा है कि अधिकारियों को जबरदस्ती नैनो यूरिया प्लस न देने के निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा में नियम 62 के अंतर्गत विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से ऐसे कोई निर्देश नहीं है कि यूरिया के साथ नैनो यूरिया को भी किसानों को जबरदस्ती खरीदने पर विवश किया जाए। उन्होंने कहा कि इफ्को की ओर से भी ऐसा लेटर दिया गया है, जिसमें किसानों को जबदस्ती नैनो यूरिया नहीं देने की बात कही गई है और इस संबंध में हिमफैड को भी निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे संस्कृत महाविद्यालयों में कर्मकांड पुरोहित कोर्स की कक्षाएं आरंभ करने पर विचार किया जाएगा। आज शिमला में प्रदेश ब्राहमण कल्याण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ किए जाएंगे। इस बीच मुख्यमंत्री ने मोबाइल रिसोर्स सैंटर थैरेपी ऑन व्हील्स की पहल के तहत 3 मोबाइल रिसोर्स सैंटर वाहनों को शिमला से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पहल से विशेष रूप से ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये पहल प्रारंभिक चरण में 3 ज़िलों मंडी, शिमला व कांगड़ा में संचालित की जाएगी। इधर शिमला स्थित एकीकृत कमांड व नियंत्रण केन्द्र और राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र का भी मुख्यमंत्री ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में स्थापित त्वरित घटना रिपोर्टिंग प्रणाली के विभिन्न निगरानी कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने

अधिकारियों को विभिन्न डैमों से पानी छोड़ने और बरसात के दौरान नुकसान की स्थिति का सटीक डेटा तैयार करने के निर्देश दिए।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक रफ़्तार पकड़ी है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026–27 की पहली तिमाही में भारत की 7 दशमलव 8 फीसदी जी.डी.पी. ग्रोथ हुई है। जयराम ठाकुर ने इस वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि अप्रैल से जून की तिमाही में देश की वास्तविक जी.डी.पी. 81 लाख 36 हज़ार करोड़ रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में ये 75 लाख 46 हज़ार करोड़ थी। उन्होंने कहा कि नॉमिनल जी.डी.पी. में भी 10 दशमलव 3 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये आंकड़े भारत की मज़बूत होती अर्थव्यवस्था का प्रमाण है।

राजेंद्र राणा

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस द्वारा चुनाव के समय जनता को दी गई 10 गारंटियां अभी भी धरातल पर उतरने का इंतज़ार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 18 से 60 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिमाह 15 सौ रूपये देने, युवाओं को हर साल एक लाख रोज़गार, 3 सौ यूनिट मुफ़्त बिजली सहित बड़े–बड़े वायदे कर सत्ता हासिल की है, लेकिन अब यही गारंटियां सरकार के लिए गले की फांस बन गई है। राजेंद्र राणा ने कहा कि 4 साल के कार्यकाल के बाद भी सुक्खू सरकार इन गारंटियों को पूरा करने की बजाय बहाने बना रही है, जिससे स्पष्ट है कि ये वायदे केवल चुनाव जीतने का राजनीतिक हथकंडा थे। हिमकेयर योजना को लेकर राजेंद्र राणा ने कहा कि जिस योजना ने प्रदेश के आम परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसा दिया था, उसकी व्यवस्था को भी सरकार ने कमज़ोर कर दिया है। उन्होंने 10 गारंटियों पर तत्काल श्वेत पत्र जारी कर हर गारंटी की स्थिति सार्वजनिक करने की सरकार से मांग की है।

बिंदल

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 17 सितंबर को हर घर में सेवा नाम और 2047 विकसित भारत के संकल्प का दीप जलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान भाजयुमो द्वारा प्रदेशभर में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे और स्कूलों में पेंटिंग, भाषण व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बिंदल

ने बताया कि अभियान के तहत महिलाओं द्वारा विकसित भारत–2047 और मोदी जी के जीवन पर सेवा संकल्प रंगोली बनाई जाएगी।

## मौसम

प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज भी मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी रहा। बारिश और भूस्खलन के कारण प्रदेश में 76 सड़कें बंद हो गई हैं जबकि पांच बिजली ट्रांसफार्मर और 72 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। विभाग द्वारा कल दो सितंबर को शिमला, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर जिलों और तीन सितंबर को कांगड़ा व सिरमौर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## मुख्य समाचार

- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में जे.बी.टी. व टी.जी.टी. के 5 हज़ार से अधिक पद खाली– 7 सौ 64 पद भरने की प्रक्रिया जारी।
- स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा– एड्स नियंत्रण संस्थाओं के कर्मचारियों को नियमित करने का कोई विचार नहीं।
- मुख्यमंत्री ने कहा– संस्कृत महाविद्यालयों में कर्मकांड पुरोहित कोर्स की कक्षाएं आरंभ करेगी सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पकड़ी आर्थिक रफ़्तार– पहली तिमाही में 7 दशमलव 8 प्रतिशत की शानदार जी.डी.पी. वृद्धि।

---------------